भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5

जिसका उत्तर दिनांक 02.02.2023 को दिया जाना है

मध्य प्रदेश में चुटका परमाणु विद्युत संयंत्र

5 #   श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश राज्य में स्थापित किये जा रहे चुटका परमाणु विद्युत संयंत्र का काम कब तक पूरा हो जाएगा;

(ख) इस संयंत्र को स्थापित करने के कारण जिन ग्रामीणों का विस्थापन हुआ है, उन्हें दी जा रही वित्तीय एवं अन्य सहायता का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस परमाणु विद्युत संयंत्र से मध्य प्रदेश में ऊर्जा की स्थिति किस प्रकार बदलेगी एवं इसके द्वारा कितने रोज़गारों का सृजन होगा?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) चुटका नाभिकीय विद्युत परियोजना (2 X 700 मेगावाट) सरकार द्वारा मंजूर 10 शीघ्रगामी (फ्लीट) मोड रिएक्टरों का एक भाग है। परियोजना के वर्ष 2031 तक क्रमिक रूप से पूरा होने के लिए निर्धारित है।

(ख) जिला प्रशासन के निर्णयानुसार अर्जित भूमि के लिए मुआवजा देने के अलावा, सुख-सुविधाओं सहित 330 आवास यूनिटों को शामिल करने वाली आर एंड आर कॉलोनी उपर्युक्त परियोजना के एवज में ग्रामीणों के पुनःस्थापन के लिए निर्माण की गई है।

(ग) परियोजना के पूर्ण होने पर, 1400 मेगावाट की स्वच्छ आधार भार क्षमता शामिल की जाएगी जिसमें मध्य प्रदेश राज्य का मौजूदा मानकों के अनुसार 50% हिस्सा होगा। इसके शिखर पर निर्माण समय के दौरान, चुटका नाभिकीय विद्युत परियोजना में लगभग 8000 व्यक्तियों के रोजगार प्राप्त करने का अनुमान है जिसकी स्थिति घंटाकार वक्र की रहेगी। एक बार प्रचालित होने पर, प्रत्येक द्वि-यूनिट बिजलीघरों में लगभग 2000 व्यक्तियों के रोजगार (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों) प्राप्त करने का अनुमान है। स्थल पर आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप व्यापार अवसर उत्पन्न होने से ठेकेदारों/विक्रेताओं से रोजगार प्राप्त होने की भी संभावना है।

* * * * *